में अनेक कठिनाइयां पेश आ रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस कठिनाई को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गये हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) और (ख) नई प्रौद्योगिकियों की शुरूआत तथा कार्यकुशलता का उन्नयन करने के कारण टेलीफोन कनेक्शनों की संख्या में वृद्धि होने पर भी टेलीफोन कर्मचारियों की संख्या में तदनुसार कोई वृद्धि नहीं हुई है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

गुजरात में डाक सलाहकार समिति

3958. श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात में डाक सलाहकार समिति गठित कर दी गई है ;

(ख) यदि हां, तो इस समिति के सदस्यों के नाम क्या हैं और वे किस-किस क्षेत्र से संबंधित हैं ; और

(ग) क्या यह सच है कि इस समिति में अनेक पुराने सदस्यों को भी रखा गया है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

फाइबर केबल को मध्य प्रदेश में जशपुर नगर तक बिछाया जाना

3959. श्री दिलीप सिंह जूदेव : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार में पटना से गुमला जिला तक बिछाए जा रहे फाइबर केबल को 50 किलोमीटर और आगे बढ़ा कर मध्य प्रदेश में जशपुर नगर से जोड़े जाने के संबंध में क्या प्रावधान है;

(ख) क्या यह सच है कि इस स्कीम द्वारा जशपुर नगर को गुमला से जोड़े जाने के बाद रायगढ़ को जशपुर नगर से जोड़े जाने के समय दूरी एवं खर्च एक तिहाई से कम हो जाएगा; और

(ग) मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों को और मध्य प्रदेश को अन्य राज्यों के साथ फाइबर केबल से जोड़े जाने के संबंध में योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जशपुर नगर को संयोजकता प्रदान करने के लिए सर्वेक्षण का कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है । इस समय जशपुरनगर—गुमला लिंक के लिए फाइबर ऑप्टिक प्रणाली और यूएचएफ प्रणाली नाम से दो वैकल्पिक माध्यमों पर विचार किया जा रहा है। यह विकल्प तकनीकी - आर्थिक महत्ता तथा क्षेत्र-सर्वेक्षण पर आधारित व्यवहार्यता पर निर्भर करेगा ।

(ख) इस समय रायगढ़ और जशपुर नगर के बीच सीधा ऑप्टिक फाइबर लिंक प्रदान करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) मध्य प्रदेश राज्य के विभिन्न जिला मुख्यालयों को परस्पर जोड़ने के लिए फाइबर ऑप्टिक योजनाओं के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :—

(i) इन्दौर-देवास-सिहोर-भोपाल को जोड़ने की योजना पहले ही चालू कर दी गई है।

(ii) ग्वालियर तथा मुरैना के बीच मार्च, 93 में चालू हो जाने की संभावना है।

(iii) 8वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान निष्पादन के लिए निम्नलिखित योजनाएं बनाई गई हैं :—

1. जबलपुर—रीवा
2. जबलपुर—नरसिंहपुर
3. जबलपुर-शहडोल-अंबिकापुर
4. नरसिंहपुर—भोपाल
5. नरसिंहपुर—छिंदवाड़ा
6. इन्दौर—खंडवा
7. बालाघाट—सिवनी

11. आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान मध्य प्रदेश को अन्य राज्यों से जोड़ने के लिए निम्नलिखित ऑप्टिकल फाइबर योजनाएं बनाई गई हैं :—

(i) आगरा—ग्वालियर लिंक के माध्यम से उत्तर प्रदेश के साथ;

(ii) भोपाल—धूलिया—बम्बई लिंक और छिंदवाड़ा—नागपुर लिंक के माध्यम से महाराष्ट्र के साथ;

(iii) जबलपुर – रांची – कलकत्ता लिंक के माध्यम से बिहार और पश्चिम बंगाल के साथ।

Post Offices in the districts of Uttar Pradesh

3960. SHRI SHANTI TYAGI: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state;

(a) what is the present strength of staff in Ranikhet; Almora, Bhikiya-sain; Taya; Basot and Seam post offices in Uttar Pradesh;

(b) whether it is a fact that the post offices in District Almora, have not been developed and modernised so far;

(c) if so, what are the reasons therefor;

(d) what steps are being taken so far to modernise them; and

(e) what are the details of investments made so far in these post offices, post office-wise, alongwith the details of dead accounts in each of these post offices?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICA. TIONS (SHRI SUKH RAM). (a) The staff strength of each office is shown in statement I (See below) .

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

(d) (i) A double storied building for Almora Head Post Office has been constructed in December, 1989.

(ii) A new Head Post Office building was constructed for Ranikhet Head Post Office in October, 1986.

(iii) Additional land for construction of building for Bageshwar Post Office has been acquired and Rs. 1,75,0001- paid to State Government on 07-11-1990.

(iv) Additional land for construe tion of Post Office building at Kausanj has been acquired.

(v) During the 7th Five Yeer Plan, 18 new branch post offices were opei-ed and one branch post office upgraded to sub post office in Almo a Distt.

(vi) Mechanised equipment supplied to one Head Post Office.

(e) The details are placed at Annexure-'B'.